# चलो बिसरे रामानन्द सिंह की सुध लेने इकट्ठे हुए सैकड़ों समर्थक

## मप्र कुर्मी क्षत्रिय समाज के बैनर तले आयोजित हुआ कार्यक्रम, पूर्व मंत्री स्व. रामानंद सिंह की मनाई गई 7वीं पुण्यतिथि, वक्ताओं ने व्यक्त किए विचार

नवभारत न्यूज

**सतना 28 सितंबर, विन्ध्य में समाजवादी राजनीति के स्तम्भ रहे दो बार के सांसद तीन बार के विधायक प्रदेश के पूर्व मंत्री रामानन्द सिंह की 7वी पुण्यतिथि के अवसर पर वृहद कार्यक्रम आयोजित कर कुर्मी क्षत्रिय समाज ने बिसरे अपने नेता की सुध ली.**



मप्र कुर्मी क्षत्रिय समाज के बैनर तले रविवार को टॉउन हाल में स्वर्गीय पूर्व मंत्री व सांसद रामानंद सिंह की 7वीं पुण्यतिथि और संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्व.रामानंद सिंह के राजनैतिक, समााजिक एवं साहित्यिक उपलब्धियों पर वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का शुभारंभ विंध्य की माटी के सपूत को श्रद्धांजलि एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मप्र पिछ?ा वर्ग कल्याण आयोग अध्यक्ष व पूर्व मंत्री रामकृष्ण कुशमरिया उपस्थित रहें, वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में सांसद गणेश सिंह, राजा पटेरिया, पूर्व मंत्री महाराजा पुष्पराज सिंह मौजूद रहें। कार्यक्रम का संचालन सतेन्द्र शर्मा ने किया.कार्यक्रम की शुरुआत उनकी पोती वसुंधरा सिंह के स्वागत भाषण से हुई.अंत मे सिद्धार्थ सिंह छोटू ने सभी वक्ताओं एवं आए अतिथियों का भी आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वर्गीय रामानंद सिंह के छायचित्र में श्रद्धासुमन अर्पित किए। मुख्य अतिथि रामकृष्ण कुशमरिया ने अपने उद्बोधन में कहा, वे गरीब, मजदूर किसान व सर्वहारा वर्ग के नेता थे। युवा नेताओं को उनके आदर्शों पर चलने की जरूरत है। विशिष्ट अतिथि सांसद गणेश सिंह ने स्व. रामानंद सिंह के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा की वह बहुआयामी प्रतिभा के धनी थे। समाजवादी विचारधारा के साथ देश की राजनीति में उन्होंने अलग पहचान बनाई है, जब वो मप्र के वन मंत्री थे, चित्रकूट क्षेत्र में देखा कि हजारों आदिवासी परिवार जीवन यापन के लिए जंगल की सुखी लकड़ी पर निर्भर है, तब उन्होंने गरीब आदिवासियों के लिए जंगल से सुखी लकड़ी काटने का आदेश दिया था, जो आज भी लागू है। जब वो केन्द्रीय मंत्री बने चित्रकूट में पानी का संकट था उन्होंने नल जल योजना मप्र में शुरू की.

### इन्होंने रखे विचार

पूर्व मंत्री महाराजा पुष्पराज सिंह ने कहा कि, रामानंद सिंह संघर्षशील, स्पष्ट वक्ता तथा कर्मठ नेता थे। और जीवनभर गरीबों के हितो के लिए ल?ते रहे। राजा पटेरिया ने अपने उद्बोधन में कहा, स्व. श्री सिंह ने जीवन भर गरीबों तथा वंचितों के लिए संघर्ष किया, उनका जीवन ज्ञान और कर्म का अद्भुत संगम था। उनकी राजनीति की अपनी अनूठी शैली थी, उन्होंने समाजवादी विचारधारा का जीवनभर अनुशरण करते हुए गरीबों के कल्याण के लिए सदा प्रयास किया। राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी ने कहा, रामानंद सिंह न केवल दबंग किस्म के नेता तो थे ही लेकिन क्षेत्र की जनता के लिए हमेशा समर्पित रहें, कोई उनके दरवाजे से खाली हाथ नहीं लौटता था। महापौर श्री ताम्रकार ने कहा कि स्व. श्री सिंह बहुआयामी व्यक्तिव के धनी थे, उन्होंने क्षेत्र के विकास के लिए हमेशा आवाज उठाई और जनता की आवजा को सदन तक पहुंचाया। कार्यक्रम में अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

### इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम में , जिपं अध्यक्ष रामखेलावन कोल, विधायक सुरेन्द्र सिंह गहरवार, र, जिलाध्यक्ष भगवती पाण्डेय, रावेन्द्र सिंह छोटू जनपद अध्यक्ष, मनसुख पटेल, पूर्व मंत्री रामखेलवान पटेल, नरेन्द्र त्रिपाठी, राजाराम त्रिपाठी, सूर्यनाथ गहरवार, गेंदलाल पटेल, सरतेन्द्रू तिवारी, राजमणी पटेल, शांति भूषण पाण्डेय, आशुतोष सिंह, पुष्पेन्द्र सिंह उचेहरा, सुरेन्द्र शर्मा, अजीत सिंह, तारा विजय पटेल, कुंवर सिंह, नीरंजन जयसवाल, ज्ञानेन्द्र सिंह ज्ञानू, दुर्योधन सिंह, रावेन्द्र सिंह पटवारी, विक्रम सिंह विसेन, राजेश दुबे, विष्णु त्रिपाठी, बाबूलाल सिंह, लवकेश सिंह, वीरभद्र सिंह, अजय प्रताप सिंह मिन्टू, पंकज सिंह, वाशुंधारा सिंह, अभिमन्यु सिंह, राजीव सिंह, शुनील सिंह, अनुराग सिंह, पुष्पराज सिंह, शैलेन्द्र सिंह, विजय प्रताप सिंह, पुष्पेंद्र सिंह, चंद्र कुमार सिंह, प्रभु सिंह बाबा, प्रवीण सिंह, पंकज शुक्ल, अरविंद सिंह, युवराज सिंह, गुड्डू तिवारी सहित बडी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहें।

# सुबह सैर पर निकलीं राजस्व अधिकारी की पत्नी से लाखों के जेवर ठगे

## नागौद तहसील में एसडीएम बंगले के सामने हुई घटना, प्रकरण दर्ज कर पुलिस ने शुरु की जांच

नवभारत न्यूज

**सतना 28 सितंबर. शारदेय नवरात्रि के अवसर पर प्रतिदिन सुबह सवेरे माता को जल अर्पित करने के लिए निकलने वाली महिलाओं को उस वक्त डर सताने लगा, जब उन्हें जिले की नागौद तहसील क्षेत्र में हुई घटना के बारे में जानकारी मिली.**

सुबह की सैर करने के लिए निकलीं राजस्व अधिकारी की पत्नी से एसडीएम बंगले के सामने लाखों रुपए के आभूषण ठग लेने के बाद आरोपी बड़े आराम से वहां से निकल गए. इस तरह की गंभीर घटना सामने आने के बावजूद भी एक ओर जहां नागौद पुलिस देर से जागी वहीं दूसरी ओर अनमने ढंग से कार्रवाई करती नजर आई. प्राप्त जानकारी के अनुसार नागौद तहसील अंतर्गत



पदस्थ नायब तहसीलदार राजेंद्र मांझी की पत्नी श्रीमती विनीता मांझी हर रोज की तरह रविवार की सुबह भी मॉर्निंग वाक करने के लिए निकली थीं. सुबह के लगभग 6:30 बजे जैसे ही वे टहलते हुए एसडीएम बंगले के सामने पहुंची. वहां पर अचानक ही लगभग 30 वर्षीय बाइक सवार युवक उनके सामने आ गया. सलीकेदार कपड़ा पहने हुए युवक ने श्रीमती मांझी से कहा कि वे काफी परेशान लग रही हैं. यह सुनकर श्रीमती मांझी ने कहा कि कुछ समय पहले वे परेशान थीं, लेकिन अब ऐसी कोई बात नहीं है. जिस युवक ने तपाक से कहा कि वह उन्हें देवी मां के दर्शन यहीं पर करा सकता है. जिससे उनकी सारी परेशानियां दूर हो जाएंगी. इसी कड़ी में युवक ने श्रीमती मांझी से निकट स्थित करंजी के 2-2 पत्ते तोड़कर लाने के लिए कहा. यह सुनकर श्रीमती मांझी ने ऐसा कुछ भी करने से मना कर दिया. इसी दौरान एक अन्य युवक वहां आ धमका जिसने नाटक करते हुए बताया कि वह बहुत परेशान है. यह सनुकर पहले युवक ने दूसरे और स्वयं को परेशान बता रहे युवक ने अपना पर्स बाहर निकालने के लिए कहा. जब दूसरे युवक ने अपना पर्स बाहर निकाला तो पहले युवक ने उसे श्रीमती मांझी के हाथ पर रख दिया और कुछ मंत्र पढ़ने का नाटक किया. निर्धारित योजना के चलते पहले वाले युवक ने दूसरे युवक को पेड़ से 2-2 पत्ते तोड़कर लाने के लिए कहा. पेड़ से पत्ते तोड़कर लाने और आंखे बंद कर कुछ कदम चलने का नाटक करने के फौरन बाद ही दूसरे युवक ने कहा कि उसे देवी मां के दर्शन हो गए. जिसके बाद दूसरे युवक को उसका पर्स लौटा दिया गया. इस घटना का नाटक करते हुए दोनों ने श्रीमती मांझी का विश्वास जीत लिया. जिसके बाद श्रीमती मांझी के ऊपर कुछ छिड़कते हुए उनकी कान की बाली, नाक की नथनी, मंगलसूत्र और चूड़ियां उतरवाकर उन्हें वहां पर खड़े दूसरे युवक के हाथ पर रखने के लिए कहा. जिसके बाद श्रीमती मांझी को अपनी आंखे बंद कर 10 कदम आगे बढ़ते हुए 51 तक ही गिनती गिनने के लिए कहा गया. कहे अनुसार करने के बाद जब श्रीमती मांझी पे पलट कर देखा तो दोनों युवक नदारद हो चुके थे. स्वयं को ठगे जाने का अहसान होते ही उनके पैरों तले जमीन खिसक गई.

### महिला सफाईकर्मी ने देखा

जिस दौरान श्रीमती मांझी के साथ यह घटना हो रही थी उसी दौरान वहीं से कुछ दूरी पर एक महिला सफाईकर्मी झाडू लगा रही थी. हलांकि झाडू लगाने के दौरान सफाईकर्मी की नजर उन लोगों पर पड़ी. लेकिन सामान्य बातचीत समझकर वह अपना काम करती रही. वहीं जब दोनों युवकों के चले जाने के बाद श्रीमती मांझी गुमसुम खड़ी नजर आईं, यह देख महिला सफाईकर्मी उनके पास पहुंच गई. सफाईकर्मी के अनुसार श्रीमती मांझी के पास से तीव्र खुशबू आ रही थी. जब उसने घटना के बारे में जानने की कोशिश की तो श्रीमती मांझी ने कोई जवाब नहीं दिया. यह देख महिला सफाईकर्मी को यह कोई झाड़-फुंक का मामला लगा, और वह वहां से चली गई.

### लकीर पीटती पुलिस

इस मामले का काबिलेगौर पहलू यह रहा कि घटना की जानकारी सोशल मीडिया में वाइरल होते हुए सतना जिला मुख्यालय तक पहुंच गई. लेकिन तब तक नागौद पुलिस इससे पूरी तरह अनजान बनी रही. आलम यह रहा कि नागौद पुलिस के जिम्मेदार काफी देर तक घटना से ही इंकार करते रहे. जब मामले ने तूल पकड़ा तो हरकत में आए दो पुलिसकर्मी घटनास्थल पर पहुंचे गए और श्रीमती मांझी से जानकारी ली. जिसके बाद थाने पहुंचकर घटना की शिकायत करने का फरमान सुनाकर वे भी लौट गए. काफी देर बाद श्रीमती मांझी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर जांच शुरु की. हलांकि पुलिस द्वारा सीसीटीवी फुटेज की जांच का शगूफा छोड़ा जा रहा है. लेकिन वहां के जिम्मेदार भली भांति जानते हैं कि मुख्य चौराहों सहित अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्र में लगे कैमरे नाकारा हो चुके हैं. एसडीएम बंगले के सामने जैसा वीवीआईपी क्षेत्र में कुछ कदमों की दूरी पर थाने की मौजूदगी के बीच हुई घटना और उसके बाद अनमने ढंग से शुरु हुई जांच ने पुलिस की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े होने लगे.

# सड़क पर लेटकर पूर्व चेंबर अध्यक्ष ने जताया विरोध

## खस्ताहाल सड़क को लेकर हुए आक्रोशित, उपायुक्त ने दिया आश्वासन

नवभारत न्यूज

**सतना 28 सितंबर. लगातार चली आ रही खस्ताहाल सड़क की स्थिति ने पूर्व चेंबर अध्यक्ष को इस कदर आक्रोशित कर दिया कि वे तपती दोपहरी में ही गली में लेटते हुए विरोध प्रदर्शन करने लगे. लगभग 4 घंटे से अधिक समय तक जारी रहे विरोध प्रदर्शन के बाद नगर निगम के उपायुक्त मौके पर पहुंचे. जिनके द्वारा दिए गए आश्वासन पर विरोध समाप्त कर दिया गया.**

पूर्व चेंबर अध्यक्ष विवेक अग्रवाल रविवार की दोपहर राजेंद्र नगर गली नंबर 3 में जाकर लेट गए. उनके साथ कुछ अन्य लोग भी मौजूद थे जो आस पास बैठ गए. घटना की जानकारी मिलते ही कांग्रेस के कुछ पार्षद सहित अन्य लोग भी पूर्व चेंबर अध्यक्ष के समर्थन में मौके पर पहुंच गए. तपती दोपहरी में लेटकर विरोध प्रदर्शप करने के दौरान पूर्व चेंबर अध्यक्ष श्री अग्रवाल ने बताया कि यह गली शहर के व्यस्त मार्गों में से एक है. इस गली में जगह जगह गड्ढे होने के कारण हर समय दुर्घटना की संभावना



बनी रहती है. इस समस्या को लेकर उनके द्वारा कई बार नगर निगम के जिम्मेदारों को बताया गया. लेकिन वहां पर कोई सुनने को तैयार नही है. वहीं जहब रविवार की सुबह उन्होंने गली के गड्ढे में डस्ट डालते हुए देखा तो उनका आक्रोश बढ़ गया और वे विरोध प्रदर्शन के लिए मजबूर हो गए. शहर में जहां कहीं भी जानलेवा गड्ढे हैं उन्हें डस्ट से भरकर काम चलाया जा रहा है. जबकि नगर निगम अच्छी तरह जानता है कि डाली जा रही डस्ट कितने दिन चलेगी. इसी कड़ी में उन्होंने यह आरोप भी लगाया कि चूंकि वे हमेशा भ्रष्टाचार का विरोध करते हैं. इसलिए नगर निगम उनकी बात को अनसुना कर देता है.

### मिला 15 अक्टूबर तक का समय

पूर्व चेंबर अध्यक्ष के विरोध प्रदर्शन की जानकारी मिलने पर कुछ भाजपा नेता भी मौके पर पहुंच गए और समझाने का प्रयास किया. लेकिन बात नहीं बनी. लिहाजा लगभग 4 घंटे बाद उपायुक्त वित्त नगर निगम सत्यम मिश्रा मौके पर पहुंचे और आश्वासन दिया. उपायुक्त के आश्वासन पर पूर्व चेंबर अध्यक्ष ने विरोध प्रदर्शन समाप्त कर दिया. उपायुक्त द्वारा आश्वस्त किया गया कि 15 अक्टूबर से सड़क निर्माण का कार्य आरंभ हो जाएगा.





10 YEAR WARRANTY | BAJAJ SECURE • AMC • ROAD SIDE ASSISTANCE | 72198 21111 | HDFC BANK | SHRIRAM Finance | IDFC FIRST Bank ALWAYS YOU FIRST | BAJAJ AUTO CREDIT | L&T Finance | TATA CAPITAL Two Wheeler Loans

*नियम और शर्तें लागू. हैट-ट्रिक सेविंग्स 22 सितंबर 2025 से मान्य. कुल सेविंग्स में शामिल है 100% GST लाभ, (एक्स शोरूम कीमत और लागू होने वाले RTO टैक्स पर), शून्य प्रोसेसिंग फी, और 1 साल का ओन डैमेज इंश्योरेन्स. शून्य PF और OD पर सेविंग्स फ़ायनान्सर/ इंश्योरेन्स-कर्ता पर निर्भर करते हुए लोकेशन्स के अनुसार बदल सकती हैं. फ़ायनान्स उपलब्ध है फ़ायनान्सर के अपने स्व-निर्णय पर. 5 वर्ष की स्टैण्डर्ड वॉरंटी + 5 वर्ष की विस्तारित वॉरंटी @ ₹999/-. स्टंट्स, एक्सपर्ट्स द्वारा प्रोफ़ेशनल सुपरविज़न के तहत, नियंत्रित वातावरण में किए गए हैं. कृपया इन स्टंट्स की नक़ल करने का प्रयास न करें और हर समय ट्रैफ़िक तथा सुरक्षा नियमों का पालन करें.

**Authorised Dealers for Bajaj Auto Ltd.: Satna:** FOUZDAR BAJAJ 8109073002, 9399480294, 9425173001, AA Autorider: 9098500556 9098500557 • Rewa UPPAL BAJAJ 408300, 9301991092, 9424822015. **Sidhi JL Motors 9303942425 6269279293.**